मूल्यः एक रूपया




आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–12, अंक–2, अप्रैल 2011

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

# उड़ीसा में कामधेनु इस्पात लिमिटेड का औपचारिक प्रवेश

## भुवनेश्वर में डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर सम्मेलन का आयोजन कर राज्य में कंपनी की उत्पादन योजनाओं की घोषणा

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने भुवनेश्वर में आयोजित चैनल पार्टनर्स सम्मेलन के दौरान राज्य में कंपनी के प्रवेश की औपचारिक घोषणा की। उड़ीसा में कंपनी तकनीकी रूप से बेहतर Fe-500 स्टील का निर्माण राज्य की अपनी आधिकारिक फ्रैन्चाइज़ी इकाई न्यू लक्ष्मी स्टील एण्ड पावर प्रा. लि. के सहयोग से करेगी। इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारीगण श्री एस.बी. शर्मा–सीनियर जी.एम. और श्री वी.के. श्रीवास्तव–जी.एम., न्यू लक्ष्मी स्टील एण्ड पावर प्रा. लि. के निदेशक श्री पवन गुप्ता के साथ मौजूद थे। इस कार्यक्रम में उड़ीसा और विजग क्षेत्र से कंपनी के 250 से अधिक डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों ने भाग लिया।




इस सन्दर्भ में बताते हुए श्री एस.बी. शर्मा ने कहा, "उड़ीसा में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादों की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए हम न्यू लक्ष्मी स्टील एण्ड पावर प्रा. लि. के साथ मिलकर राज्य में Fe-500 टी.एम.टी. का उत्पादन करेंगे। इस प्रकार के उत्पादों को राज्य में पहले बाहर से मंगाया जाता रहा है किन्तु अब हमारे द्वारा इसका उत्पादन राज्य में ही किये जाने से ये यहां शीघ्रता से कम दामों पर उपलब्ध होंगे।" Fe-500 टी.एम.टी. को अत्यन्त विपरीत मौसम अवस्था में पानी से होने वाले नुकसानों के लिए जांचा जाता है। Fe-500 टी.एम.टी. भूकम्परोधी भी होते हैं। क्योंकि इस प्रकार के टी.एम.टी. का प्रयोग निर्माण कार्यों में सहारा देने वाले खम्भों को बनाने में किया जाता है इसलिए अधिकाधिक इंजीनियर इसमें कामधेनु टी.एम.टी. जैसे उत्तम उत्पादों के प्रयोग की ही सलाह देते हैं।

न्यू लक्ष्मी स्टील एण्ड पावर प्रा. लि. के निदेशक श्री पवन गुप्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा, कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सहयोग के दम पर ही हम Fe-500 जैसे उच्चकोटि के उत्पाद बनाने में सक्षम हो सके हैं। निकट भविष्य में हम अपनी उत्पादन क्षमता में विस्तार करके अधिकाधिक उपभोक्ताओं तक पहुँचने का प्रयास करेंगे।"

कंपनी द्वारा डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स से अपील की गई कि वे क्षेत्र में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के विस्तार की दिशा में सजग प्रयास करें। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी ने रंगारंग कार्यक्रम का आनन्द लिया।




# भारत बना विश्व विजेता




सभी खेल प्रेमियों की आशानुरूप शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम ने क्रिकेट विश्व कप 2011 जीत कर वर्ष 1983 का स्वर्णिम इतिहास दोहराया है। क्रिकेट के इस महाकुंभ के दौरान टीम के सभी खिलाड़ियों ने जीत में अपना योगदान दिया। यह जीत भारत ने किसी एक खिलाड़ी के प्रदर्शन के बूते नहीं बल्कि एकजुट होकर एक टीम की तरह खेलते हुए हासिल की। इस जीत में कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन अवश्य यादगार रहा है। महान बल्लेबाज सचिन ने अपने अनुभव का पूरा लाभ उठाते हुए रनों की बरसात की तो एक बार फिर महेन्द्र सिंह धौनी ने समूचे विश्व से अपनी नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया, जहीर खान की गेंदबाजी पूरे विश्व कप के दौरान बेहद धारदार रही और युवराज सिंह ने हरफनमौला खेल का प्रदर्शन करते हुए शानदार वापसी की तथा श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब हासिल किया।

भारत की जीत में यह बात भी गौरतलब है कि विश्व कप को पाने के लिए टीम ने सभी पूर्व विश्वविजेता टीमों को मात दी। भारत ने दो बार के विश्वविजेता वेस्ट इंडीज को लीग राउंड में, चार बार की विजेता आस्ट्रेलिया को क्वार्टर फाइनल में, 1992 के विश्वविजेता और भारत के चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को सेमी फाइनल में तथा 1996 के वर्ल्ड कप विजेता श्रीलंका को फाइनल में शिकस्त दी। भारत की इस जीत से पूरे देश में जश्न का माहौल है। सभी देशवासियों को उम्मीद है कि टीम भविष्य में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखेगी और इसी प्रकार खेल जगत में देश का नाम रोशन करती रहेगी।

# भारत–पाक संबंधों में सुधार के प्रयासों में तेजी



पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से रिश्ते सुधारने के प्रयासों में पिछले दिनों काफी तेजी आई है। इस मुहिम की शुरूआत भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा क्रिकेट विश्व कप के सेमी फाइनल में भारत–पाक मैच स्टेडियम में साथ बैठकर देखने आने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को भेजे गए निमंत्रण से हुई। मैच के पूर्व दोनों मुल्कों के बीच सचिव स्तरीय वार्ता हुई जिसके बाद दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने भी गम्भीर मुद्दों पर चर्चा की। इस वार्ता के बाद दोनों मुल्क खेल सम्बन्धों को सुधारने के लिए सहमत नज़र आए जिसे एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है।

# अन्ना हजारे की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में एकजुट हुआ भारत



प्रसिद्ध समाजसेवी अन्ना हजारे ने विश्व को दिखाया कि गाँधी हर युग में तर्क संगत है। गाँधीवादी तरीके से सत्याग्रह करते हुए अन्ना हजारे ने भ्रष्टाचार के विरूद्ध देशव्यापी मुहिम छेड़ी। उन्होंने मांग की कि भ्रष्टाचार विरोधी विधेयक बनाने वाली समिति में सरकार के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त समाज के हर वर्ग के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को जनता का प्रतिनिधित्व करने को शामिल किया जाए और जल्दी से जल्दी विधेयक बनाकर इसे पास कराया जाए। गौरतलब है कि लोकपाल विधेयक आने के बाद भ्रष्टाचार पर नियन्त्रण करना अपेक्षाकृत आसान हो जाएगा। अन्ना हजारे जब इस मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे तो उन्हें देश के सभी वर्गों से अपार समर्थन प्राप्त हुआ। दिल्ली के जंतर मंतर पर हुए इस प्रदर्शन की खास बात यह भी कि इतनी विशाल भीड़ और लोगों में देश में फैले भ्रष्टाचार के विरूद्ध व्याप्त रोष के बावजूद यह प्रदर्शन पूर्णतया शांतिपूर्ण और हिंसामुक्त रहा।

# फाज़िल्का शहर में कामधेनु इस्पात लिमिटेड का उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

**उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर कंपनी ने अपने और अपने उत्पादों के विषय में विस्तृत जानकारी दी**

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को अपने उत्पादों की विस्तृत जानकारी देने के लिए पंजाब के फाज़िल्का शहर (जिला–फिरोज़पुर) में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में निकटवर्ती क्षेत्रों के 50 राजमिस्त्रियों और लुहारों तथा तीन जाने–माने वास्तुकारों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री विनोद गहलौत, श्री रजनीश गुप्ता, श्री हिमांशु शर्मा और श्री मुकेश कुमार (प्रबंधक–तकनीकी), डिस्ट्रीब्यूटर श्री दिनेश राठी तथा स्थानीय डीलर मैसर्स संजीव कुमार एण्ड ब्रदर्स के श्री संजीव कुमार भी मौजूद थे। श्री कुमार ने समारोह के आयोजन में सक्रिय योगदान दिया।




समारोह में आए मेहमानों को सम्बोधित करते हुए श्री गहलौत ने कहा, "कामधेनु टी.एम.टी. आपकी अपेक्षाओं के अनुरूप विशिष्ट गुणों से युक्त है। यही वजह है कि उपभोक्ताओं की नज़र में यह विश्वसनीयता का प्रतीक बन गया है। कंपनी के उत्पादों ने बिल्डरों के साथ–साथ लुहार भाईयों में भी विश्वसनीयता को बढ़ाया है। इसी भरोसे के दम पर कंपनी ने कई अन्य क्षेत्रों में भी अपना विस्तार किया है तथा पंजाब की अग्रणी कंपनी बनकर उभरी है।"

उन्होंने कंपनी के पेंट ब्रांड ***Colour Dreamz***, पी.वी.सी. पाईप, प्लाईवुड और कंपनी के पेयजल ब्रांड Kamdhenu *fresh* के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर श्री रजनीश गुप्ता और श्री हिमांशु शर्मा ने सभी को सवालों का संतुष्टिपूर्ण जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। जबकि श्री मुकेश कुमार ने टी.एम.टी. की गुणवत्ता के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी तथा अंत में मुख्य अतिथि श्री अशोक जैरथ (चेयरमैन, मार्केट कमेटी) को सम्मानित कर समारोह को अंतिम रूप दिया।

# कोडाड में कामधेनु इस्पात लिमिटेड द्वारा राजमिस्त्री सम्मेलन का आयोजन

**कंपनी व इसके उत्पादों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने के लिए 500 से अधिक राजमिस्त्री रहे कार्यक्रम में उपस्थित**




आन्ध्र प्रदेश में कामधेनु इस्पात लिमिटेड को उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से कंपनी के स्थानीय सहयोगियों श्री वी. महेश (डिस्ट्रीब्यूटर) और मारूति कोडाड स्टील तथा श्री किरण, श्री वीरा रेड्डी एवं श्री के. रमेश ने मिलकर एक राजमिस्त्री सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर कंपनी के डीलर श्री उपेन्द्र (श्री रघुवेन्द्रा आयरन सिंडिकेट, सूर्यापेट) व श्री रामू (डीलर, खम्माम) भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आयोजन कमेटी ने श्री मयंक श्रीवास्तव–मार्केटिंग मैनेजर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव श्री राकेश गुप्ता, श्री राजदीप गुप्ता, श्री अनुज त्यागी और श्री रजनीश दुबे तथा श्री वी. महेश कुमार को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

तदोपरांत श्री महेश, श्री मयंक और श्री उपेन्द्र ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड और इसके प्रमुख उत्पाद टी.एम.टी. के बारे में मिस्त्रियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया और बताया किस प्रकार कंपनी के उत्पाद प्रतियोगियों की तुलना में बेहतर होते हैं। मिस्त्रियों तक अपनी बात सरलता और आसानी से पहुँचाने के लिए कार्यक्रम में तेलगु भाषा में कुछ चलचित्र भी दिखाए गए। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के बारे में जानकारी हासिल कर सभी मिस्त्री बहुत प्रभावित हुए तथा सभी ने कार्यक्रम की गतिविधियों में खूब आनन्द लिया। औपचारिक कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी राजमिस्त्रियों ने आयोजन समिति के सदस्यों के साथ लंच का आनन्द लिया।

कार्यक्रम में श्री श्रीनिवास रेड्डी–अध्यक्ष, मेसन यूनियन और श्री प्रभाकर– अध्यक्ष, रोड बेंडिंग मेसन यूनियन को कामधेनु बैग, पेन व पैड इत्यादि उपहार में देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कोडाड स्टील सिंडिकेट के श्री किरण ने भी श्री मयंक व श्री महेश के हाथों उपहार प्राप्त किए। कार्यक्रम के अन्त में श्री महेश और श्री राकेश गुप्ता ने मारूति कोडाड स्टील सिंडिकेट के सहयोगियों से सम्मान प्रतीक चिन्ह के रूप में शाल प्राप्त किया।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-11



# पश्चिम बंगाल कामधेनु इस्पात लिमिटेड की चैनल पार्टनर्स मीटिंग

**आने वाले 6 महिनों में कोलकाता बाजार में प्रभुत्व स्थापित करने के लिए क्रमबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है कंपनी**



पश्चिम बंगाल में अलकनन्दा स्पॅन्ज आयरन लिमिटेड, दुर्गापुर के कामधेनु इस्पात लिमिटेड की फ्रैन्चाइज़ी के रूप में कार्य करते हुए दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर कंपनी द्वारा 16 अप्रैल, 2011 को उनके सहयोग से हावड़ा के लेकलैण्ड कंट्री क्लब में एक डीलर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारीगण श्री सुनील अग्रवाल–निदेशक, श्री एस.बी. शर्मा–सीनियर जी.एम., श्री वी. के. श्रीवास्तव–जी.एम. और अलकनन्दा स्पॅन्ज आयरन लिमिटेड के निदेशकगण श्री आनन्द सरोगी एवं श्री विशाल सरोगी भी उपस्थित रहे।

भविष्य की योजनाओं के बारे में बताते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "पश्चिम बंगाल में हमारे उत्पादों की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए हम अलकनन्दा स्पॅन्ज आयरन लिमिटेड के साथ मिलकर अपनी उत्पादन क्षमता को शीघ्र बढ़ाना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल के अतिरिक्त झारखण्ड भी हमारे प्रमुख बाजारों में से है। अपनी उत्पादकता बढ़ाकर हम पश्चिम बंगाल और झारखण्ड में अपनी पकड़ मज़बूत करना चाहते हैं।"

अलकनन्दा स्पॅन्ज आयरन लिमिटेड के निदेशक श्री आनन्द सरोगी ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड की सराहना करते हुए कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड के साथ काम करके हम बहुत खुश हैं। हर पहलू पर हमें कंपनी का बेहतरीन सहयोग मिलता है। इससे हमें अधिकाधिक ग्राहकों तक प्रभावी तरीके से पहुँचने में मदद मिली है।"

इस विषय में जानकारी देते हुए अलकनन्दा स्पॅन्ज आयरन लिमिटेड के निदेशक श्री विशाल सरोगी ने कहा "हम शीघ्र ही ब्लैक स्टील पाईप और टोर करी बाजार में उतारने वाले हैं। इससे हमारे डीलरों को सभी सामान एक ही नेटवर्क द्वारा आसानी से सुलभ होगा।"

बीते वर्षों में कंपनी द्वारा डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को लाभान्वित करने हेतु अनेकों स्कीम चलाई गई थी जिनमें बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को सम्मानित किया गया। इस वर्ष भी कंपनी द्वारा ऐसी ही ढेरों स्कीम चलाई जायेंगी। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल और झारखण्ड क्षेत्र से कंपनी के 250 से अधिक डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर उपस्थित थे। यहां कंपनी ने शानदार प्रदर्शन करने वाले डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों का विशेष सम्मान किया।




**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री संजय बंसल
**मैसर्स बंसल पेंट्स एजेन्सी**
215, ग्रीन स्क्वायर मार्केट
हिसार (हरियाणा)
मोः 9416041413

कैप्टन डी. आर. राणा
**मैसर्स संजय हार्डवेयर स्टोर**
मेन रोड, छतरी, तहसील शाहपुर
जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)
मोः 9816225363

श्री गिरीश कुमार
**मैसर्स कार्गो पेंट्स एण्ड केमिकल्स**
गली तेलियान, सदाबाद गेट
हाथरस (उत्तर प्रदेश)
मोः 9410840025


Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com